ing of railway reservations have already been, made a cognizable offences and deterrent punishments have been provided under the provisions of Indian Railways (Amendment) Act, 1982.

Signing of Cultural pact with China

1011. DR. RATNAKAR PANDEY : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether a cultural pact has been signed with China in May this year;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) in what manner this pact would improve Sino-Indian relations ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c) The Agreement envisages promoting understanding and developing the relations between the two countries in the realms of culture and art, education, social sciences, sports public health, press and publishing, broadcasting film and TV through the exchange of exhibitions, performing troupes archaeologists, specialists, teachers, intellectuals; award *of* scholarships; exchange of books radio and TV programmes and sharing of experience in the field of medicine and public health, social sciences and the like.

झांसी में केन्द्रीय विद्यालय के लिए भूमि का आवंटन

1012. डा. गोविन्द दास रिछारिया : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने झांसी में रेलवे आवासीय कालोनी में केन्द्रीय विद्यालय हेतु कोई भूमि आवंटित की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस भूमि पर भवन का निर्माण कार्य कब तक शुरू हो जाने की सम्भावना है और उस पर कुल कितनी राशि खर्च किये जाने का विचार है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालय नं० 3 झांसी के लिए रेलवे प्राधिकारियों ने 15.00 एकड़ भूमि निर्धारित की है।

(ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन को भूमि स्थानान्तरित हो जाने के पश्चात् स्कूल भवन के निर्माण पर विचार किया जाएगा ।

Expenditure incurred on the Festivals held Abroad

1013. SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY:
SHRI A. G. KULKARNI :'

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state ;

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item which ap peared in 'The Hindustan Times" dated 15th June, 1988 to the effect that there have been large scale irregularities in the expenditure incurred on the Festivals of India held in France and U.S., recently;

(b) if so, what budget provision was made for these Festivals of India and the actual expenditure incurred;

(c) what are the reasons for the high expenditure; and

(d) whether any inquiry has been made in this regard, if so, the outcomes?

THE MINISTER OF STATE TN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI) : (a) Yes, Sir.

(b) The budget provision was Rs. 535.60 lakhs for the Festivals of India in France and USA. The expenditure was Rs. 526.81 lakhs.

(c) The expenditure on the|>e Festivals wa$_s$ well within the budget provision.

(d) Does not arise.

कलकत्ता-पटना-इलाहाबाद के बीच गंगा नदी में नावों/जहाजों का चलाया जाना

1014. श्री अश्विनी कुमार : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कलकत्ता–पटना इलाहाबाद के बीच, गंगा नदी में नावों/जहाजों को चलाये जाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है ;

(ख) इस जलमार्ग के कब तक चालू किये जाने की संभावना है और इस रूट पर इस्तेमाल किये जाने वाली नावों / जहाजों की क्षमता कितनी होगी ; और

(ग) इस रूट के चालू हो जाने पर कितनी मात्रा में माल ढोये जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) केन्द्रीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, कलकत्ता ने 600 टन की बाज क्षमता के साथ कलकत्ता और पटना के बीच नदी सेवाओं का प्रचालन शुरू कर दिया है। इस सेवा को पटना से आगे इलाहाबाद तक बढ़ाना तभी सम्भव हो पाएगा जब इस खण्ड पर पूरे वर्ष नौगम्यता बन जाए जिसके लिए एक प्रायोगिक परियोजना चालू कर दी गई है।

(ग) इस बारे में किए गए अध्ययन से 1991 तक 40 लाख टन ट्रैफिक का अनुमान लगा है।

सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिए मानदण्ड

1015. श्री अश्विनी कुमार : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिये जनसंख्या कारक है; यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिये जनसंख्या को किस हद तक मानदण्ड माना जाता है और राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिये अन्य मानदण्ड कौन-कौन से हैं ;

(ख) इन सड़कों के नाम क्या हैं जो राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने के लिए इस समय सरकार के विचाराधीन हैं अथवा अनुमोदन के अन्तिम चरण में हैं ; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान देश में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर कितनी धनराशि खर्च की गयी है और वे कुल कितने किलोमीटर हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) (क) सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में किसी क्षेत्र/रीजन/आबादी अथवा राज्य स्तर के आधार पर घोषित नहीं किया जाता है बल्कि पूरे देश को ध्यान में रख कर ऐसा किया जाता है । राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने के मानदण्ड निम्नलिखित हैं—

(i) ऐसी सड़कें जो देश की लम्बाई और चौड़ाई को नाप लेती हैं,

(ii) साथ के देशों को जोड़ने वाली सड़कें,

(iii) राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाली सड़कें,

(iv) महापत्तनों और महत्वपूर्ण औद्योगिक अथवा पर्यटक केन्द्रों को जोड़ने वाली सड़कें